Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 23-08-2006

Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal

an>

Title : Need to release the central contribution for 'Post Matric Scholarship' to the students of SC/ST and OBC category in Rajasthan.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : महोदय, केंद्रीय प्रवर्तित योजनाओं के अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को (पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति) दिए जाने का प्रावधान है। यह छात्रवृत्ति परियोजना नवीं पंचवर्षीय योजना से पहले से चल रही है और राज्य सरकार द्वारा नवीं योजना की समाप्ति तक इस योजना के अंतर्गत स्वीकृत छात्रवृत्ति राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करायी जा रही है। नवीं पंवचवर्षीय योजना के पश्चात, इस योजना में छात्रवृत्ति संबंधी सभी मामले उ पकरणों के लिए केंद्र सरकार द्वारा धनराशि उपलब्ध करायी जानी है। केंद्र प्रवर्तित योजना के अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों को छात्रवृत्ति योजना प्रदान करने की योजना राजस्थान में दसवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान शुरू की गयी थी। इस योजना में राज्य सरकार द्वारा कोई देनदारी नहीं है और पूरी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है। राजस्थान सरकार ने इस योजना के लिए अपने अंशदान की पूरी धनराशि दे रखी है और केंद्र सरकार से दोनों योजनाओं में जो धनराशि नहीं मिल पा रही है, इसकी मांग बार-बार की है।

अंत में मेरी केंद्रीय सरकार से मांग है कि केंद्र सरकार शीघ्र ही अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों को (पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति) योजना के अंतर्गत छात्रवृत्तियां देने के लिए जो धनराशि बकाया है, वह दी जानी चाहिए।

आपने मुझे बोलने को समय दिया इसके लिए मैं बहुत आभारी हूं।

उपाध्यक्ष महोदय : मैटर्स आफ अरजेंट पब्लिक इंपोर्टेंस शाम को लिए जाएंगे।

...(व्यवधान)